INDIAN SCHOOL SOHAR **SET-1**

FORMATIVE ASSESSMENT -3

विषयः हिंदी (पाठ्यक्रम - ब)

कक्षा ः IX | समय ः 45 मिनट

दिनांक ः 7 : 11 :2013 | पूर्णांक ः 25

निर्देश : 1 इस प्रश्नपत्र में कुल 9 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

2 प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले उसका क्रमांक अवश्य लिखा जाए।

प्रश्न 1- **अपठित गद्यांश**

अनुशासन का अर्थ है अपने को कुछ नियमों में वाँध लेना और उन्हीं के अनुसार कार्य करना। कुछ व्यक्ति अनुशासन की व्याख्या 'शासन का अनुगमन' करने के अर्थ में लेते हैं परंतु अनुशासन सुव्यवस्थित ढंग से उन आधारभूत नियमों का पालन ही है,जिनके द्वारा किसी अन्य व्यक्ति के मार्ग में वाधक वने विना व्यक्ति अपना पूर्ण विकास कर सकें। अनुशासन में रहने का भी एक आनंद है,लेकिन आज व्यक्तियों में अनुशासनहीनता की भावना वढ़ रही है। समाचार- पत्रों में हमेशा यही पढ़ने को मिलता है कि आज अमुक नगर में दस दुकानें लूटी गई,वसों में आग लगा दी गई आदि। किसी भी कर्मचारी को कोई गलत काम करने से रोका जाए तो वह अपनों से मिलकर काम वन्द करा देगा। वहुत दिनों तक हड़तालें चलती रहेंगी। अनुशासन के अभाव में समाज में अराजकता और अशांति का साम्राज्य होता है। वन्य पशुओं में अनुशासन का कोई महत्व नहीं है,इसी कारण उनका जीवन अरक्षित, आतंकित एवं अव्यवस्थित रहता है। मानव के पूर्ण विकास के लिए कुछ वंधनों और नियमों का होना आवश्यक है। अनुशासनवद्धता मानव जीवन के मार्ग में वाधक नहीं अपितु उसको पूर्ण उन्नति तक पहुँचाने के लिए अनुकूल अवसर प्रदान करती है।

उपर्युक्त गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ः (5)

(क) अनुशासन का वास्तविक अर्थ क्या है ?

(ख) अनुशासन के अभाव में क्या होता है ?

(ग) वन्य जीव असुरक्षित क्यों होते हैं ? इसका क्या परिणाम होता है?

(घ) 'विकास' शव्द के दो पर्यायवाची शव्द लिखिए।

(ङ) मानव- विकास के लिए अनुशासन क्यों आवश्यक है ?

प्रश्न 2- वर्ण - विच्छेद कीजिए - कार्यालय , अयोध्या (2)

प्रश्न 3- निम्नलिखित शव्द के उपसर्ग -प्रत्यय अलग-अँलग कीजिए - (1)
परिपूर्णता

प्रश्न 4 – (क) संधि - विच्छेद करो – सर्वोत्तम , सज्जन (2)

प्रश्न 5 - उचित विराम चिह्न का प्रयोग कीजिए - (1)

सुवोध ने कहा मेरे पापा ने किसी से भीख लेने के लिए मना कर दिया है

प्रश्न 6 - मंदिर के सौंदर्य का वर्णन कविता के आधार पर कीजिए । (3)

प्रश्न 7 – ' एक फूल की चाह कविता' में "कैसे यह अछूत भीतर आया? पकड़ो देखो भाग न जाए।" पंक्तियाँ समाज में फैली किस बुराई की ओर ध्यान आकर्षित करती है ? (3)

प्रश्न 8 - 'मेरा छोटा- सा निजी पुस्तकालय' पाठ में माँ लेखक की स्कूली पढ़ाई को लेकर क्यों चिंतित रहती थीं ? (4)

प्रश्न 9 – ' इंटरनेट से लाभ- हानि' के विषय पर दो छात्राओं के वीच संवाद लिखिए। (4)

-------------0-----------